

# गरीबों को थमाए भारी भरकम बिल

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बड़ौदा ने बिजली कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,21अगस्त।** बड़ौदा में जब से स्मार्ट मीटर लगे है तब से उपभोक्ताओं के मनमाने बिल थमाए जा रहे हैं। इस समस्या को लेकर गुरूवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बड़ौदा ने बिजली कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस कार्यकर्ता रैली निकालकर ज्ञापन देने पहुंचे थे।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा राजू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बिजली कार्यालय का घेराव किया। ज्ञापन में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बड़ौदा ने ठेकेदारों से मिलकर नगर में स्मार्ट मीटर लगवाए हैं। ये मीटर वास्तविक खपत से अधिक रीडिंग दिखा रहे हैं। इसके कारण गरीब, मध्यमवर्गीय और बीपीएल परिवारों को 5 से 10 हजार रुपये तक के बिल आ रहे हैं। नगर बडौदा में लगाए गए स्मार्ट मीटर वास्तविक खपत से बहुत अधिक रीडिगं निकाल रहे है तथा अधिक रीडिंग के कारण एक बत्ती, बीपीएल, अन्त्योदय व विभिन्न शासकीय योजनान्तर्गत छूट में प्राप्त कनेक्शनधारियों व मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओ को लगभग पांच से दस हजार तक के बिलो की राशी के बिल प्रदाय किये जा रहे है। बिजली बिल अधिक आने की वजह से उपभोक्ताओं को मानसिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है, यहां तक की बिजली विभाग के कर्मचारियो की दादागीरी व मनमानी पूर्ण रवैये के कारण उपभोक्ताओ द्वारा आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने चार-चार गुना बिल नहीं चलेगा के नारे लगाए। उन्होने स्मार्ट मीटरों की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे। इस दौरान संजीव कुशवाह, रितेश तोमर, इस्माइल खान, रामस्वरूप पांचल, हरिओम जाटव, इंसाफ खान, बिहारी जाटव, मुरारी प्रजापति, शाहिद पठान, रमन शर्मा, प्रमोद माहौर, किशोर नागर, आदित्य सेंगर, कल्याण माहौर, दिलखुश मीणा, कल्लन मंसूरी, मदन माहौर, राघवेंद्र पांचल, रामकिशन वाल्मिकी, पवन नागर, अंकित नागर, अंकित शिवहरे, महेश प्रजापति, कुलदीप गोस्वामी, बिहारीलाल जाटव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आधी रात को युवक पर अज्ञात बदमाशों ने कट्टे से की फायरिंग

## विजयपुर थाना क्षेत्र के इमली चौक की घटना, मामले की जांच में जुटी पुलिस



**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर,21अगस्त।** थाना क्षेत्र के इमली चौक इलाके में अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने घर के बाहर मोबाइल पर बात रहे युवक पर कट्टे से फायरिंग कर दी। गनीमत ये रही है कि बदमाशों का निशाना चूक गया जिससे युवक को गोली लगने से बच गई। पीडित युवक ने थाने में आवेदन देकर शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार इमली चौराह निवासी 27 वर्षीय सूरज पुत्र राजेश शुक्ला बुधवार रात 12:30 बजे घर के बाहर मेन रोड पर खड़े होकर मोबाइल पर बात कर रहा था, तभी सफेद रंग की मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए दो युवकों ने सूरज पर कट्टे से फायर कर दिया। दोनों बदमाशों ने चेहरे ढक रखे थे और उनके हाथ में तलवार भी थी। सूरज ने भागकर पास खड़ी चार पहिया गाड़ी के पीछे छिप जान बच गई। हमला नाकाम होने पर दोनों बदमाश राज मोहल्ला वाली गली की ओर फरार हो गए। घटना से इलाके में दहशत फैल गई। पीड़ित सूरज शुक्ला का कहना है कि उनकी किसी से कोई रंजिश या विवाद नहीं है। घटना की सूचना उन्होंने गश्ती पुलिस को दी, लेकिन मौके पर पुलिस नहीं पहुंची। बाद में सूरज ने थाने जाकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। बताया गया है कि सूरज शुक्ला ब्राह्मण समाज के युवा इकाई के अध्यक्ष है।

## अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**श्योपुर।** कराहल थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को तहसील के सामने गोवर्धा रोड से पकड़ा। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 7 लीटर कच्ची शराब बरामद की है, जिसकी कीमत 700 रुपये है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ठाकुर पुत्र बोदिया बंजारा निवासी पनवाड़ा बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी के एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# कलेक्टर ने किया प्रेमसर तहसील का निरीक्षण, बाबू सहित भृत्य को नोटिस जारी

## ड्यूटी से अनुपस्थित दो कोटवारों को हटाने के निर्देश दिए



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 21 अगस्त।** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने गुरूवार को नायब तहसीलदार कार्यालय प्रेमसर का औचक निरीक्षण किया गया, इस दौरान अनुपस्थित पाए जाने पर नायब तहसीलदार शैलेन्द्र देव सिंह सहित सहायक ग्रेड-3 राजेश आर्य, भृत्य भगवानदास पवार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ड्यूटी से अनुपस्थित कोटवार नारायण एवं रामस्वरूप को चौकीदार पद से हटाने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने उप तहसील प्रेमसर के निरीक्षण के दौरान लोक सेवा गांरटी अधिनियम अंतर्गत प्रदाय की जा रही सेवाओं की जानकारी प्राप्त की गई तथा संबंधित ऑपरेटर को निर्देश दिये कि लोक सेवाओ के प्रदाय से संबंधित आवेदन रजिस्टर में तत्काल पंजीकृत भी किये जायें। इस अवसर पर उन्होने गांधीनगर निवासी रामलखन बैरवा को आंधी-पानी के दौरान टीनशैड उड जाने से हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा देने के निर्देश दिए गए।

### भैंस चरा रहे चरवाहे से कलेक्टर ने की चर्चा


कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा प्रेमसर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान उप तहसील के बाहर भैस चरा रहे चरवाहे मांगीलाल बैरवा से आत्मीय चर्चा की गई तथा फसल सहित उसकी घर-गृहस्थी के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। गांधीनगर निवासी बैरवा ने बताया कि अभी एक भैस दो से तीन किलो दूध दे रही है,

वर्षा अच्छी होने से इस बार भी अच्छी फसल होने की उम्मीद है। इस दौरान कलेक्टर ने चरवाहे के साथ अपनी फोटो भी खिचवाई।

उन्होने तहसीलदार मनीषा मिश्रा को दूरभाष पर निर्देशित किया कि पटवारी द्वारा प्रकरण तैयार कर भेजा गया है, तत्काल स्वीकृति की कार्यवाही की जायें।

कलेक्टर अर्पित वर्मा इस दौरान उपस्थित पंचायत सचिव देवीशंकर को निर्देश दिये कि गांधीनगर में बाबा साहब अम्बेडकर पार्क को व्यवस्थित करने हेतु मिट्टी का भराव कराया जायें एवं बाउन्ड्री की मरम्मत की जायें। उन्होने पूर्व के निर्देशो के अनुरूप पार्क का स्टीमेंट नही बनाने पर उपयंत्री जनपद पंचायत श्योपुर श्री रामदीन रावत को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

# फिर बदला मौसम, सुबह से होती रही रिमझिम बारिश



## बारिश होने से बदला मौसम, लोगों को गर्मी से मिली राहत

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,21अगस्त।** इस बार पूरे सावन महीने में अच्छी बारिश हुई। वहीं अब फिर मौसम बदल गया है, जिसकी वजह से गुरूवार की सुबह से ही रिमझिम बारिश का दौरा जारी बना हुआ है, जिसकी वजह से मौसम सुहाना हुआ है। वहीं लोगों को भी उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम 25 डिग्री दर्ज हुआ। बुधवार की तुलना में तापमान में 2 डिग्री की कमी आई है।

बता दें कि गुरुवार सुबह से ही रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो गया। पिछले एक हफ्ते से लगातार गर्मी और उमस से परेशान लोगों को इस बारिश ने बड़ी राहत दी है। लगातार हो रही बूंदाबांदी और कभी-कभी तेज बारिश से वातावरण भी शुद्ध हुआ। बारिश के बीच स्कूली बच्चों को छाता लेकर निकलते देखा गया। वहीं, कई लोग गलियों और सड़कों पर भीगते और मौसम का आनंद लेते नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से बारिश का इंतजार था, आज आसमान से बूंदें गिरते ही राहत की सांस मिली। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले कुछ दिनों तक इसी तरह का मौसम बना रहेगा। यह बारिश लोगों और किसानों दोनों के लिए खुशी लेकर आई।धान की फसल को होगा लाभ

क्षेत्र के कई गांवों में गुरुवार सुबह तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इससे कई दिनों से गर्मी और उमस झेल रहे ग्रामीणों को राहत मिली। बारिश से खेतों में सूख रही धान की फसल को बढ़ने में मदद मिलेगी। बारिश का सबसे ज्यादा असर किसानों के चेहरों पर देखा गया। इस समय धान और खरीफ की फसलों के लिए पानी की जरूरत होती है। बारिश से खेतों में नमी बढ़ेगी और फसल मजबूत होगी। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यह बारिश धान समेत दूसरी फसलों के लिए फायदेमंद है।

मौसम के विभाग के अनुसार वर्तमान में दक्षिण-पूर्वी मध्य प्रदेश पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है। मानसून द्रोणिका नलिया, वल्लभ विद्यानगर, बैतूल, मंडला, संबलपुर, चांदबाली से होकर बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। पूर्वोत्तर अरब सागर और उससे लगे गुजरात पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। जिसकी वजह से मध्यप्रदेश के अन्य जिलों सहित श्योपुर में भी अगले 24 घंटे में भारी बारिश होने की संभावना है।

## जिले में 19 .52 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

श्योपुर। जिले में 21 अगस्त को 19.52 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 21 अगस्त को श्योपुर में 10.20, बडौदा में 43, कराहल में 12.40, विजयपुर में 22 एवं वीरपुर में 10 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2025 से अभी तक जिले में कुल 1112.86 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 966.48 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत की वर्षा 822 मिली मीटर है।

# अनियंत्रित होकर पलटा ओवरलोड ई-रिक्शा, 8 घायल



## बुधवार रात नायरा पेट्रोल के पंप के पास हुआ हादसा

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,21अगस्त।** विजयपुर में आए बिना रजिस्ट्रेशन के ई-रिक्शा फर्राटे भरकर दौड़ रहे है। आए दिन रिक्शा पलटने की भी घटनाए भी हो रही है, लेकिन फिर भी प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसी ही घटना बुधवार को हुई जिसमें एक ओवरलोड ई- रिक्शा पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में आटो में सवार 8 लोग घायल हो गए है, जिसमें एक बालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को इलाज के लिए विजयपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार बुधवार की रात 8 बजे एक ई-रिक्शा सवारी भरकर नायरा पेट्रोल पंप की तरफ जा रहा था, तभी अचानक सामने से आ रही बाइक को बचाने के चक्कर में रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में रिक्शे में सवार 8 लोग घायल हो गए। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि रिक्शा पहले से ही निर्धारित क्षमता से ज्यादा सवारियों से भरा था। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस से विजयपुर अस्पताल लाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हादसे में ये हुए घायल

ई रिक्शा पलटने की घटना में जो लोग घायल हुए हैं, उनमें 50 वर्षीय जानकी पत्नी दुर्जन, 2 वर्षीय स्वार्थी पुत्री भूपेंद्र, 35 वर्षीय गुजनी पत्नी मोहर सिंह, 9 वर्षीय प्रीति पुत्री हरि सिंह, 14 वर्षीय शिवानी पुत्री सुल्तान, 28 वर्षीय मोनू पुत्र रोशन, 12 वर्षीय ऋषिवर पुत्र मुंशी, 50 वर्षीय लक्ष्मण पुत्र छोटा शाक्य के नाम शामिल हैं। चिकित्सकों ने 7 घायलों को गंभीर हालत में भर्ती किया है, जबकि 12 वर्षीय ऋषिवर की स्थिति नाजुक होने पर उसे ग्वालियर रेफर किया गया।

करीब एक साल भी एक ओवरलोड ई-रिक्शा पलट गया। हादसे में 9 स्कूली बच्चे घायल हो गए। सभी बच्चे ई- रिक्शा से विजयपुर के सीएम राइज स्कूल जा रहे थे। हादसा विजयपुर थाने इलाके के सिद्ध बाबा की पहाड़ी के बगल वाले ग्राउंड के पास हुआ है। हुल्लपुर और लाडपुरा गांव से 9 बच्चों को बैठाकर ई-रिक्शा जा रहा था। तभी विजयपुर के टेंटरा मार्ग पर मोड़ते समय पलट गया।

# स्वच्छता परिसर बंद मिला, पंचायत सचिव को नोटिस

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर,21अगस्त।** कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा प्रेमसर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान जलालपुरा चौकी सहित जलालपुरा ग्राम का भ्रमण किया गया, इस दौरान स्वच्छता परिसर बंद मिलने, पेयजल टेकरों के उचित रख रखाव नही होने के मामले में पंचायत सचिव श्री खेमराज मीणा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर उप सरपंच सहित ग्रामीणजन भी उपस्थित थे।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जलालपुरा चौकी पर पुराने समय के बने यात्री प्रतिक्षालय को डिस्मेंटल करने हेतु पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव भेजने के निर्देश उप सरपंच को दिये। इसके साथ ही पंचायत भवन कार्यालय परिसर में वर्षो पुराने क्षतिग्रस्त एवं अनुपयोगी स्कूल भवन को भी डिस्मेंटल करने हेतु निर्देशित किया गया। जलालपुरा चौकी से अंदर गांव तक पैदल भ्रमण करते हुए पहुंचे कलेक्टर अर्पित वर्मा ने ग्रामीणों द्वारा अवगत कराये जाने पर जलालपुरा मैन रोड से श्योपुर मैन रोड तक वैकल्पिक मार्ग पर अतिक्रमण हटाये जाने हेतु तहसीलदार को दूरभाष पर निर्देशित किया गया। उन्होने जिला पंचायत के अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश दिये कि ग्राम झोपडी में मुक्तिधाम का निर्माण कराया जायें, इसके साथ ही जलालपुरा में शांतिधाम का मरम्मत कार्य भी शीघ्र शुरू कराया जाये। इस अवसर पर उन्होने मिडिल स्कूल जलालपुरा के भवन का अवलोकन किया तथा परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था नही पाये जाने पर डीपीसी डॉ पीएस गोयल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

# विहिप का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, हिंदू धर्म की रक्षा करना है

## विश्व हिंदू परिषद ने विजयपुर, वीरपुर प्रखंड पर मनाया स्थापना दिवस



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 21 अगस्त।** विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल द्वारा गुरूवार को विजयपुर में शिव मंदिर मंडी प्रांगण एवं वीरपुर प्रखंड पर धुन्ना मंदीर पर स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि हर इकाई गांव-गांव तक संगठन का स्थापना दिवस मनाएंगे। बैठक में आगामी कार्यक्रम ओर संगठन की योजना तैयार की गई।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विभाग संगठन मंत्री राजा सिसोदिया ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के उद्देश्य एवं उपलब्धियां ओर संगठन के 60 वर्ष के कार्य ओर हिंदू समाज में संगठन की भूमिका के बारे में विस्तार से कार्यकर्ताओं को बताया। बैठक में संगठन विस्तार हेतु कुछ महत्वपूर्ण योजना बनी एवं कार्य विस्तार हेतु विभाग संगठन मंत्री एवं जिला कार्यकारिणी की सहमति से नए कार्यकताओं को प्रखंड की जिम्मेदारी दी गई। प्रखंड अध्यक्ष पुष्पेंद्र मुद्ग़ल, प्रखंड मंत्री अंकित गुप्ता सह मंत्री गौतम जादौन, बजरंगदल संयोजक अतुल शर्मा, गौ सेवा प्रमुख उदय शर्मा, गो रक्षा प्रियांशु श्रीवास, विशेष संपर्क शोभाराम शर्मा, मंदिर अर्चक पुरोहित संपर्क ज्ञानेश मुद्ग़ल, समरसता प्रमुख कुलदीप, सत्संग प्रमुख निवास गौड़ आदि प्रखंडों के दायित्वों की घोषणा हुई। बैठक में मुख्य रूप विभाग सह संयोजक कुलदीप सिसोदिया, जिला अध्यक्ष दीपक गर्ग, जिला मंत्री संजू शर्मा, बैठक में उपस्थित रहे।

### श्यामपुर खंड समिति बनी

श्यामपुर खंड समिति घोषणा की गई, जिसमें विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष कमलेश शर्मा, उपाध्यक्ष लालजी आदिवासी, मंत्री रवि पचौरी, सह मंत्री ध्रुव शर्मा, बजरंग दल संयोजक राजेश गुर्जर, सह संयोजक विकास शर्मा, सह संयोजक अनिल शर्मा, गौ सेवा प्रमुख राजू सिंह जादौन, गौ सह सेवा प्रमुख वीरेंद्र बाथम आदि दायित्वों की घोषणाएं की गई।

# खातौली पुल की रैलिंग लगाने के निर्देश



**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा ने गुरूवार को जलालपुरा चौकी एवं खातौली के बीच पार्वती नदी पर बने पुल का निरीक्षण किया गया तथा एसडीओ ब्रिज कॉर्पोरेशन भुवना जोशी को पुल पर रैलिंग लगाने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि बीते दिनो पार्वती नदी में जलस्तर बढने एवं पुल के जलमग्न होने की स्थिति के चलते रैलिंग क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा आज पुल का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा की दृष्टि से रैलिंग लगाने का कार्य शीघ्रता से कराये जाने के निर्देश दिये गये।

# श्री श्री 1008 छिमछिमा हनुमान जी का विशाल मेला 26 को

## प्रशासन ने की तैयारियां शुरू, सुरक्षा-यातायात की जिम्मेदारी अधिकारियों के हवाले

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर,21अगस्त।** क्षेत्र का सुप्रसिद्ध धार्मिक आयोजन श्री श्री 1008 छिमछिमा हनुमान जी का विशाल मेला आगामी 26 अगस्त को बड़े धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने कमान संभाल ली है और व्यवस्था को पुख्ता बनाने हेतु अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

प्रशासन ने श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए निर्देश दिए हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेले स्थल पर मेडिकल टीम भी तैनात रहेगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। छिमछिमा हनुमान धाम का यह मेला वर्षों पुरानी परंपरा है, जिसे भक्ति, श्रद्धा और लोक संस्कृति का अनूठा संगम माना जाता है।

धार्मिक मान्यता है कि छिमछिमा हनुमान जी के दर्शन करने और पूजन-अर्चन से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। यह मेला न सिर्फ आस्था का प्रतीक है बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक सद्भाव का भी द्योतक है। हर वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। शोभायात्रा एवं धार्मिक अनुष्ठान,भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रामीण हाट-बाजार और झूले, सुरक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था प्रशासन की देखरेख में रहेगी

इस अवसर पर एसडीएम अभिषेक मिश्रा, एसडीओपी राघवेंद्र सिंह तोमर, नायब तहसीलदार दर्शन लाल, थाना प्रभारी राकेश शर्मा, यातायात प्रभारी भागवत प्रसाद पांडे, एसडीओ पीएचई आर.पी. सेंगर, सीडीपीओ सुश्री ज्योति चतुर्वेदी, बीआरसीसी अशोक शर्मा, जनपद पंचायत के अभिनंदन सिंह, राजस्व निरीक्षक संजीव श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे और मेले की तैयारियों का जायजा लिया।

जय बजरंगबली - छिमछिमा धाम पधारिए, हनुमान जी का आशीर्वाद पाइए तथा मन्दिर के पुजारी ने पुजारी नियुक्ति पत्र व अन्य पुराने दस्तावेज एसडीएम अभिषेक मिश्र को दिखाये ब मन्दिर से लगी भूमि के भी दस्तावेज दिखाये पर एसडीएम अभिषेक मिश्र ने दस्तावेजों को नही माना यह एक सोचनीय विषय है,

# थाटीपुर जैन मंदिर : भगवान ने लिया न्याय के लिए न्यायालय का सहारा



**ग्वालियर,21अगस्त।** भगवान श्री पार्श्वनाथ के 1906 में निर्मित जैन मंदिर जिसके संबंध में केस चल रहा है, पर पूरे धार्मिक जगत की नजर लगी हुई है। पूर्व में जिस भूमि पर यह मंदिर स्थित है वह भूमि सेठ गुलाब चंद के द्वारा खरीद कर उक्त मंदिर का निर्माण किया गया था और मंदिर को विकसित किया।

जैन समाज के लोगों ने बताया कि सेठ गुलाब चंद अत्यंत धार्मिक प्रभावना के व्यक्ति थे उन्होंने जैन मंदिर निर्माण किया और जैन मंदिर निर्माण के उपरांत मंदिर का सेवा पूजन भी किया। क्योंकि वे जानते थे कि उनके जीवित रहते मंदिर का पूजन एवं व्यवस्था उचित तरीके से रहेगी परंतु उनकी मृत्यु के बाद उनके उर्तराधिकारी पता नहीं क्या करें क्योंकि उनकी मात्र 2 लड़कियाँ थी कोई पुत्र नहीं था। उन्होंने एक पुत्र गोद लिया और संपत्ति जिसमें 12 बीघा कृषि भूमि और ग्यारह कोठियां मुरार एवं अन्य क्षेत्र में निर्मित थी जो सेठ गुलाब चंद ने अपने जीवन के दौरान क्रय किया था, समस्त संपत्ति और और संपत्ति से उत्पन्न आमदनी मंदिर के लिए दान कर दी और साथ ही समस्त संपत्ति पर एक वसीयत वर्ष 17 सितंबर 1936 में उनके द्वारा तैयार की गई थी। उक्त वसीयत में खूबसूरत शब्दावली का लेख किया जाकर यह यह भी उल्लेख किया है कि वे चाहते है कि संपत्ति का प्रबंधन उसी तरह से किया जाए जिस तरह से उनके जीवन के दौरान था जिसमें उन्होंने एक कमेटी निर्मित की थी। कमेटी में पाँच सदस्य और साथ ही छठवें सदस्य के रूप में बतौर प्रबंधक उन्होंने कार्य किया था उसी तरह से उनके मृत्यु के उपरांत भी यह व्यवस्था कायम रहे और उनके द्वारा स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि मेरे किसी भी वारिस कों जायदाद में कोई भी हक़ उत्तराधिकार को पूर्वक नहीं रहेगा यह मंदिर भगवान के निमित्त रहेगी और मेरे परिवार में से कोई कोई एक पुरुष सदस्य प्रबंधक के तौर पर कार्य करेगा और यदि नहीं है तब परिवार की कोई महिला प्रबंधक रूप में कार्य कर सकेगी परंतु इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का अर्थात मेरे परिवार के किसी सदस्य का व्यक्तिगत हित नहीं होगा और इस वसीयत को खूबसूरत तरीके से रजिस्ट्रार कार्यालय में मैं विधिवत पंजीबद्ध कराई क्योंकि उन्हें अंदेशा था कि उनकी मृत्यु के उपरांत उनके उताराधिकारी ।

इस संपत्ति को खुर्द बुर्द करेंगे और और उस सम्पत्ति का ना तो प्रबंधन हो पाएगा और न ही उक्त संपत्ति का उपयोग मंदिर के वास्ते किया जा सकेगा। उक्त वसीपत के साथ ही सेठ गुलाब चंद के द्वारा दो और वसीयत की गई थी एक वसीयत सोनागिर मंदिर के सेवा पूजन के वास्ते की गई थी उक्त वसीयत में भी तमाम संपत्तियां के आय के हिसाब से मंदिर को दी गई थी एक वसीयत सन 1928 में की गई थी अपनी पुत्री केसर वाई के हित में की गई थी उक्त संपत्ति से जो आय प्राप्त होती वह केसर वाई को प्राप्त रहेगी और उक्त संपत्ति को उन्होंने वसीयत के द्वारा प्रदान की थी जो आज थाटीपुर में विस्तृत फैली हुई है परंतु गुलाब चंद के गोद लिए उत्तराधिकारियों द्वारा उक्त सम्पति न केवल विक्रय कर दी परंतु शेष बची संपत्ति पर निर्मित मंदिर की संपत्ति पर मॉल बनाने का सपना संजोया रखा है और इस कारण उक्त संपत्ति पर कमेटी के द्वारा जब ये देखा गया कि भगवान पार्श्वनाथ भगवान की संपत्ति को खुर्दबुर्द किया जा रहा है कमेटी ने सन 98 में एक व्यवहार वाद लाया। उक्त व्यवहार वाद वसीयत पर से भगवान पार्श्वनाथ की संपत्ति को बचाने के लिए लाया गया था और दान की गई संपत्ति भगवान पार्श्वनाथ को प्राप्त हों ।

समाजबंधु कहते हैं कि यह कलियुग ही है कि भगवान को अपने निर्णय के लिए भी न्यायालय की शरण लेनी होती है परंतु कलयुग के साथ सतयुग है कि न्यायालय न केवल भगवान का साथ देता है परंतु उक्त संबंध में जो दोषी होते हैं उनको समुचित दंड भी देता है। वर्तमान में इस समस्त संपत्ति की कीमत करीब एक हजार करोड़ से अधिक है। इस कारण जैन समाज के लोगों को इंतजार है कि यह मुकदमा कब निर्णय की ओर अग्रसर होता है, यह तो वक्त ही बताएगा।